राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | जमशेदपुर, शुक्रवार 05 जुलाई 2024 ● आषाढ़ कृष्ण पक्ष 13 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 87 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## ब्रीफ खबर

### एमजीएमसीएच : एंटी रैगिंग सेल कमिटी की बैठक आज

**जमशेदपुर ।** एमजीएम मेडिकल कॉलेज में जूनियर छात्रों के साथ सिनियर द्वारा रैगिंग किए जाने के मामले में एंटी रैगिंग सेल कमिटी 5 जुलाई को निर्णय लेगी. कमिटी कॉलेज परिसर में दोपहर 2 बजे बैठक करेगी. कमिटी की सदस्य एसडीओ (धालभूम) पारूल सिंह ने बताया कि रैगिंग का मामला काफी गंभीर मामला है. वहीं पुलिस ने भी कॉलेज पहुंचकर पीड़ित छात्रों से पूछताछ की.

### गोलमुरी में जमीन विवाद के बाद फायरिंग, मामला दर्ज

**जमशेदपुर ।** गोलमुरी थाना अंतर्गत देबुन बगान में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई. घटना बुधवार रात की है. इधर, गुरुवार को दोनों पक्ष गोलमुरी थाना पहुंचे और एक दूसरे के खिलाफ मारपीट करते हुए फायरिंग करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई. सूचना पर पुलिस ने घटना स्थल की जांच की पर घटना स्थल से खोखा नहीं मिला है.

### बिरसानगर में 2.5 किलो गांजा बरामद, तस्कर फरार

**जमशेदपुर ।** बिरसानगर थाना अंतर्गत रमणी काली मंदिर के पास गुरुवार शाम धालभूम एसडीओ पारुल सिंह के नेतृत्व में बिरसानगर पुलिस ने कुंदन कुमार के घर छापेमारी की. इस दौरान कुंदन कुमार के घर से कुल 2.50 किलो गांजा बरामद किया गया. मामले को लेकर बिरसानगर थाना में तस्कर कुंदन कुमार सिंह और पवन कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है.

### नीमडीह में आजसू पार्टी का हल्ला बोल कार्यक्रम

**चांडिल ।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो ने कहा कि इस सरकार में बगैर दक्षिणा दिए गरीबों का कोई काम नहीं हो रहा है. हर स्तर पर भ्रष्टाचार हावी हो गया है. नियम कानूनों को ताक पर रखकर दलाली प्रथा से सारे काम हो रहा है. गुरुवार को नीमडीह प्रखंड में आजसू पार्टी का हल्ला बोल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि इस रवैये से जनता परेशान हैं.

### विधायक ने कई योजनाओं का किया शिलान्यास

**जमशेदपुर।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के विधायक मंगल कालिंदी ने बृहस्पतिवार को सोपोडेरा फुटबॉल में विधायक निधि से पक्का शेड निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. जबकि जुगसलाई नगरपालिका क्षेत्र अंतर्गत कन्या उच्च विद्यालय में विधायक निधि से निर्मित गेट एवं एक हॉल का उद्घाटन किया. विधायक का गर्मजोशी से स्थानीय लोगों ने स्वागत किया.

### मंदिर में पंडित विजयशंकर मेहता का प्रवचन आज

**जमशेदपुर ।** आध्यात्मिक गुरु और जीवन प्रबंधन विशेषज्ञ पं. विजयशंकर मेहता शुक्रवार को जमशेदपुर पहुंच रहे हैं. वह श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ में शामिल होंगे और शाम पांच बजे से उनका मंदिर परिसर में प्रवचन होगा. वे जूना अखाड़ा के पीठाधीश्वर आचार्य महा मंडलेश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरि जी के शिष्य हैं. पं. मेहता ने सैकड़ों व्याख्यान दिए हैं.

### बागुनहातु में एलटी नेटवर्क बिछाने का काम हुआ तेज

**जमशेदपुर ।** वर्षों से जुस्को (अब टीएसयूआईएसएल) की बिजली बागुनहातु में आने की उम्मीद लगाए बैठे लोगों का इंतजार अब खत्म होने वाला है. जुस्को ने बागुन नगर नशा मुक्ति केंद्र के पास पावर सब स्टेशन बनाने का काम शुरू कर दिया है. बस्तियों के हर घर में जुस्को की बिजली देने के लिए एलटी नेटवर्क बिछाने का काम भी तेजी के साथ शुरू हो गया है. इसके लिए खंभे भी तेजी के साथ गाड़े जा रहे हैं.

# चार वर्षों से 3211 छात्रों को नहीं मिली छात्रवृत्ति

## डीसी अनन्य मित्तल ने दिया 7 दिनों में भुगतान का निर्देश

**वरीय संवाददाता । जमशेदपुर**

पूर्वी सिंहभूम जिले में अध्ययनरत 3211 छात्रों को विगत 4 वर्ष से प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति से वंचित होना पड़ा. ऐसा छात्रों के बैंक खाते अपडेट नहीं रहने के कारण हुआ. इस मामले में शिक्षा विभाग व कल्याण भी शिथिल रहा. इस मामले की जानकारी उपायुक्त अनन्य मित्तल को होने के बाद उन्होंने शिक्षा विभाग, कल्याण विभाग एवं एलडीएम (बैंकों के प्रतिनिधि) को 7 दिनों के भीतर छात्रवृति से वंचित छात्रों के बैंक खाते अपडेट कर छात्रवृत्ति की राशि डीबीटी के माध्यम से भेजने का निर्देश दिया. उपायुक्त बृहस्पतिवार को कल्याण विभाग एवं आईटीडीए की समीक्षा कर रहे थे.

समीक्षा के दौरान यह बात सामने आयी कि वित्तीय वर्ष 2020-21 एवं 2022-23 के प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति (कक्षा 1-8) के 123293 लाभुक छात्र हैं. जिनमें लगभग 2400 बच्चों को उनके बैंक खाता में त्रुटि के कारण राशि डीबीटी नहीं हो सकी है. वहीं कक्षा 9 से 10 में अध्ययनरत 25546 छात्रों में से 811 छात्रों को छात्रवृत्ति राशि नहीं मिल सकी. उपायुक्त ने इसे गंभीरता से लेते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया. दूसरी ओर समीक्षा में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 140504 छात्रों को प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति दी जानी थी. जिसमें 131910 को राशि का भुगतान किया गया है, शेष बचे 8594 छात्रों को 15 जुलाई तक अनिवार्य रूप से छात्रवृत्ति भुगतान करने का निर्देश दिया गया. जबकि इसी वित्तीय वर्ष (2023-24) की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की राशि का भुगतान 30 जुलाई तक करने के लिए कहा गया. पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति से 2799 छात्र वंचित हैं.



### 193 में 22 बिरसा आवास अधूरा

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी बिरसा आवास योजना में 193 के स्वीकृति के विरूद्ध 171 का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है. जबकि हो चुके 22 अभी लंबित है. उपायुक्त ने अधिकारियों को लाभुकों से व्यक्तिगत रूचि लेते हुए संपर्क स्थापित कर अधूरे घरों को जल्द से जल्द पूरा कराने के लिए कहा. जिससे गृह प्रवेश की प्रक्रिया जल्द पूरी की जा सके. वहीं जनवरी 2020 से जून 2024 तक जिला स्तर पर 1176 व्यक्तिगत तथा 40 सामुदायिक वन पट्टा वितरण की स्वीकृति दी गई जिनमें लाभुकों को 602 हेक्टेयर रकबा जमीन उपलब्ध कराई गई है.

### दो दिन की बजाय 10 दिन में 904 साइकिल बंटी

जिले के सरकारी स्कूलों में कक्षा 8 में अध्ययरत छात्रों के वितरित करने के लिए आयी 17214 साइकिल में अब तक 904 का ही वितरण हो पाया है. जबकि उपायुक्त ने 10 दिन पहले ही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दो दिनों के भीतर साइकिल का वितरण करने का निर्देश दिया था. समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने नाराजगी जतायी तथा कहा कि सभी प्रखंडों में साइकिल फिटर की संख्या बढ़ाकर और जल्द से जल्द कैम्प मोड में सभी बच्चों के बीच जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में साइकिल वितरण सुनिश्चित करें.

## मुकेश लुणायत ने संभाला सरायकेला-खरसावां के पुलिस कप्तान का पदभार

# ब्राउन शुगर के कारोबार पर कसा जाएगा नकेल

**संवाददाता । आदित्यपुर**



मुकेश कुमार लुणायत ने सरायकेला-खरसावां के 21वें पुलिस कप्तान का पदभार संभाल लिया है. उन्होंने पदभार ग्रहण करते ही सामुदायिक पुलिसिंग पर जोर देने की बात कही है. उन्होंने निवर्तमान एसपी मनीष टोप्पो से पदभार ग्रहण किया.

पदभार ग्रहण करने के बाद एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि अपराध नियंत्रण उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी. आदित्यपुर में ब्राउन शुगर के कारोबार पर नकेल कसना और जिले को अपराधमुक्त बनाने पर विशेष फोकस रहेगा. सभी पुलिस- पदाधिकारियों को साथ लेकर जिले में विधि- व्यवस्था बनाए रखना है इसके लिए उन्होंने सभी का सहयोग मांगा. उन्होंने कहा कि किसी भी तरह के अपराधी हो उनकी सूची तैयार कर उनके गतिविधियों का डाटा तैयार किया जाएगा. जिले के लोगों को एक बेहतर पुलिसिंग मिले इसका हर संभव प्रयास किया जाएगा. ट्रैफिक को लेकर डेंजर जोन को चिन्हित कर विशेष कार्य योजना तैयार की जाएगी ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके. बता दें कि बतौर सिटी एसपी मुकेश कुमार लुनायत का जमशेदपुर में कार्यकाल बेहद सराहनीय रहा. वहां उन्होंने ग्रामीण एसपी के रूप में भी अपनी सेवा दी है.

बतौर जिला एसपी उनका यह पहला पदस्थापन है. इससे पूर्व नए एसपी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया उसके बाद निवर्तमान एसपी मनीष टोप्पो ने गुलदस्ता देर उनका स्वागत किया.

अपने चार महीने के छोटे कार्यकाल को श्री टोप्पो ने यादगार बताया. उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से करना बड़ी उपलब्धि रही. चार महीने के दौरान एक भी नक्सली घटना जिले में नहीं हुई. जितने भी अपराध हुए लागभग सभी का उद्भेदन कर दिया गया है. इस दौरान सभी ऑफिसर्स का सहयोग मिला. इसके लिए उन्होंने सभी का आभार जताया.

## पिछले साल के मुकाबले बढ़ा क्राइम का ग्राफ, आईजी ने जताई नाराजगी

**संवाददाता । जमशेदपुर**

ज़ोनल आईजी अखिलेश झा गुरुवार को जमशेदपुर पहुंचे. जहां उन्होंने जिले के तमाम पुलिस पदाधिकारियों के साथ अहम बैठक की.बैठक मे मुख्य रूप से कोल्हान डीआईजी मनोज रतन चौथे, एसएसपी किशोर कौशल, ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग सभी डीएसपी और थाना प्रभारी मौजूद रहे.

बैठक के दौरान उन्होंने शहर में सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ रहे मौत को लेकर चर्चा की वहीं बढ़ते क्राइम ग्राफ पर भी नाराजगी जताई. इससे पूर्व गार्ड ऑफ ऑनर के साथ पुलिस मुख्यालय में उनका स्वागत किया गया.

आईजी अखिलेश झा ने बताया कि साल 2023 में क्राइम कंट्रोल पर जमशेदपुर ने काफी बेहतर प्रदर्शन किया था पर 2024 में क्राइम में बढ़ोतरी देखी गई है. इस साल लूट, छिनतई, चोरी जैसे क्राइम बढ़ गए हैं. इसे लेकर सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि किस तरह क्राइम में कमी लाई जा सके. सड़क दुर्घटना में होने वाली मौतों में किस तरह कमी लाई जाए इस पर भी चर्चा की गई है.

## कोलकाता से घाटशिला का धारागिरी जलप्रपात देखने आई युवती की मौत

- पुलिस कर रही जांच

**संवाददाता । घाटशिला**

थाना क्षेत्र के कालचिती पंचायत अंतर्गत धारागिरी जलप्रपात देखना गुरुवार को गई कोलकाता के पाइकापारा की रहने वाली एक 19 वर्षीय युवती की मौत हो गई. मृतका सयाली सील अपने दो सहेलियों के साथ घाटशिला घूमने आई थी.

अन्य दो सहेलियों ने धारगिरी घूमने आए दूसरे पर्यटक कोलकाता के बेहाला गांव निवासी सुसोभव चटर्जी से मदद लेकर किसी तरह उसे लेकर घाटशिला अनुमंडल अस्पताल पहुंचे. अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सक डॉ आर एन टुडू ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया. मृतका के साथ आई सहेलियों ने बताया कि उसे दमा की बीमारी थी. इनहेलर ले आना भूल गई जिसके कारण यह घटना हुई है. सूचना पर घाटशिला पुलिस ने अनुमंडल अस्पताल पहुंचकर सहेलियों से जानकारी ली. पुलिस मामले की जांच में जुटी है. सहेलियां इतनी डरी और सहमी थीं कि अपना नाम तक नहीं बताया. पुलिस ने कहा कि परिजन को सूचना दे दी गई है.

### फायरिंग के फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**जमशेदपुर ।** गोलमुरी थाना अंतर्गत केबुल कंपनी के पास हवाई फायरिंग करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी टुइलाडुंगरी निवासी वीर सिंह उर्फ वीरू के घर इश्तेहार चिपकाया. गुरुवार को केस के अनुसंधानकर्ता एसआई गौरव कुमार गाजे-बाजे के साथ वीर सिंह के आवास पहुंचे और घर से बाहर इश्तेहार चिपकाया. उन्होंने वीरू के परिजनों को बताया कि एक माह के अंदर वीरू कोर्ट या थाना में हाजिर नहीं होता तो पुलिस आगे की कार्रवाई करते हुए घर की कुर्की करेगी.

उल्लेखनीय है कि 16 अप्रैल को वीरू और उसके अन्य साथियों ने केबुल कंपनी के पास हवाई फायरिंग की थी. इस संबंध गोलमुरी थाना में चार लोगों को खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी. मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है.

## न्यायिक अधिकारी के खिलाफ बिष्टुपुर थाने में शिकायत दर्ज

### महिला ने प्रताड़ित करने और गर्भपात कराने का लगाया आरोप

**संवाददाता । जमशेदपुर**

जमशेदपुर कोर्ट के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी नरेंद्र कुमार के खिलाफ उनके आवास में काम करने वाली महिला ने कई संगीन आरोप लगाते हुए बिष्टुपुर थाना में शिकायत दर्ज कराई है. शिकायत में पीड़िता ने नरेंद्र कुमार को पति बताते हुए झांसा देकर विवाह करने, शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के साथ-साथ तीन बार गर्भपात कराने का आरोप लगाया है.

पीड़िता ने प्रधान जज के पास भी इसकी लिखित शिकायत की थी. इसके पूर्व न्यायिक दंडाधिकारी नरेंद्र कुमार की पत्नी ने महिला पर 1.50 लाख रुपये रंगदारी मांगने, घर से सामान चोरी करने और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए बिष्टुपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसकी जांच पुलिस कर रही है. इधर, मामले को लेकर डीएसपी सीसीआर अंजनी तिवारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत की जांच कर प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई शुरू की जा रही है. अगर आरोपी दोषी पाए जाते हैं,तो उचित कार्रवाई की जाएगी.

### पीड़िता ने यह लिखा है शिकायत में

शिकायत में पीड़िता ने बताया है कि पहले पति से उसके तीन बच्चे हैं. 2017 में पति की मौत हो गई थी. 2021 में उसने नरेंद्र कुमार के घर पर काम करना शुरू किया. इस बीच नरेंद्र कुमार ने कहा कि वह एक तलाकशुदा व्यक्ति हैं, वह शादी करना चाहते हैं. 26 जनवरी 2022 को कमरे में ही भगवान की तस्वीर के सामने मांग में सिंदूर भर दिया. इसके बाद दोनों के बीच शारीरिक संबंध बने. इस बीच वह गर्भवती हो गई तो नरेंद्र कुमार ने गर्भपात करवा दिया.चंडीगढ़ ले गए और वहां मनसा मंदिर में शादी की. मंदिर कमेटी ने शादी का प्रमाण पत्र भी निर्गत किया.

जब वह दोबारा गर्भवती हुई तो फिर से बच्चा गिराने की बात कहने लगे. जब उसने इसका विरोध किया तो नरेंद्र कुमार ने पेट में जोर से लात मारा, जिससे गर्भपात हो गया. इसी बीच नरेंद्र कुमार ने महाराष्ट्र की रहने वाली युवती के साथ 15 दिसंबर 2023 को विवाह कर लिया. जब इसका विरोध किया तो मानसिक तथा शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा. जब वह तीसरी बार गर्भवती हुई तो दोनों ने मिलकर बहुत मारा पिटा जिससे तीसरी बार गर्भपात हो गया. 30 जून 2024 को नरेंद्र ने मारपीट करते हुए घर से निकाल दिया. पीड़िता ने अपनी जान पर खतरा भी बताया है.

### सभी अल्ट्रासाउंड केन्द्रों की नियमित जांच करें सिविल सर्जन : डीसी

**जमशेदपुर ।** अल्ट्रासाउंड सेंटर में पोर्टेबल मशीन के इस्तेमाल पर रोक सरकार ने रोक लगायी है. उक्त मशीन के किसी भी तरह के मूवमेंट की जानकारी मिलने पर सेंटर की अनुज्ञप्ति रद्द कर दी जाएगी. उक्त निर्देश बृहस्पतिवार को उपायुक्त अनन्य मित्तल ने दिया.

उन्होंने कहा कि किसी भी अल्ट्रासाउंड सेंटर में लिंग परीक्षण सख्त वर्जित है. इसकी नियमित जांच के लिए उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिया. साथ ही कहा कि मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में समय-समय पर अल्ट्रासाउंड सेंटर की जांच की जाय.

इससे पहले उन्होंने जिले में नए अल्ट्रासाउंड सेंटर खोले जाने तथा पुराने के नवीकरण की समीक्षा की. जिसमें पूर्व से संचालित 8 अल्ट्रासाउंड सेंटर के नवीकरण एवं 2 नए सेंटर के पंजीकरण की स्वीकृति दी गई. जबकि अधूरे दस्तावेज के कारण 6 आवेदन रद्द कर दिए गए. बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि मरीज की जांच के दौरान दो से ज्यादा चिकित्सक अथवा टेक्नीशियन मौजूद नहीं रहेंगे. कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाने एवं लिंग की जानकारी नहीं देने आदि बोर्ड लगाना भी अनिवार्य होगा. सिर्फ उन्हीं गर्भवती महिला मरीजों की जांच की जानी है, जिनके पास किसी रजिस्टर्ड डॉक्टर का लिखा हुआ पर्चा हो. मरीज की रिपोर्ट में सेंटर और जांच की पूरी जानकारी होनी चाहिए.

# कपाली पुलिस ने 24 घंटे में सुलझाया अपहरण का केस, तीन गिरफ्तार

**संवाददाता । चांडिल**

चांडिल थाना के कपाली ओपी की पुलिस ने 24 घंटे के अंदर अपहरण कांड का उदभेदन करते हुए कांड में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. इसकी जानकारी देते हुए कपाली ओपी की पुलिस ने बताया कि कांड को अपहृत के दोस्तों ने ही अंजाम दिया था. अपरहणकर्ता और अपहृत सभी आपस में जान पहचान वाले ही है.

गिरफ्तार आरोपियों में धीरज बलार, सूरज प्रकाश झा और दिलीप महतो शामिल हैं. कपाली ओपी की पुलिस ने गिरफ्तार तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है.

तीनों ने मिलकर जमशेदपुर के कदमा भाटिया बस्ती निवासी सुनील कुमार प्रसाद का डोबो पुल के पास से बुधवार रात अपहरण कर लिया था. अपहरणकर्ताओं के द्वारा फोन किए जाने के बाद अपहृत के परिजनों ने कदमा थाना में इसकी सूचना दी थी. अपहरण स्थल कपाली रहने के कारण मामला कपाली ओपी में दर्ज किया गया. इसके बाद पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान करते हुए मामले का उदभेदन किया.

इस मामले में कपाली ओपी की पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए अपहृत को सकुशल छुड़ा लिया है.



### क्या है मामला

अपहरण कांड के संबंध में कपाली ओपी की पुलिस ने बताया कि सुनील कुमार प्रसाद और तीनों आरोपी आपस में दोस्त हैं. साल 2023 में सुनील कुमार प्रसाद ने जमशेदपुर के जवाहर नगर रोड नंबर 15 मानगो के रहने वाले धीरज बलार से दो लाख रुपया कर्ज लिया था. वही मानगो के उलीडीह के रहने वाले दिलीप महतो से अपनी बीवी को मोबाइल दिलाने के नाम पर 56 हजार रुपये उधार लिया था. दोनों दोस्त सुनील कुमार प्रसाद से पिछले कई महीनो से अपने पैसे वापस मांग रहे थे. पैसे नहीं मिलने पर उन्होंने सुनील कुमार प्रसाद को डोबो पुल पर बुलाया. इनके साथ सूरज प्रकाश झा भी था. डोबो पुल से तानों ने सफेद रंग की इनोवा क्रेटा संख्या जेएच 05 डीक्यू 3397 से उसका अपहरण कर लिया. उसे बालीगुमा के एक गैराज में ले जाकर रखा गया. रात होने पर सभी खाना खाने के लिए घाटशिला गए थे. खाना खाने के बाद सभी कार से थोड़ी ही दूर पर एक खाली मैदान देखकर रूके और वहीं पर रात गुजारा. सुबह सभी नहा रहे थे कि तभी अचानक पुलिस पहुंची और त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर सुनील कुमार प्रसाद को मुक्त करा लिया. पुलिस ने तीनों के पास से तीन मोबाइल समेत अपहरण में प्रयुक्त कार को जप्त कर लिया है.

## आस्था | श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में देवताओं के आह्वान के साथ प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू

# आज अरणी मंथन से अग्नि स्थापन, पुष्पाधिवास व फलाधिवास

**वरीय संवाददाता । जमशेदपुर**



श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ के दूसरे दिन गुरुवार को विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए. बृहस्पतिवार को देवताओं का आह्वान, पूजन, पाठ, जप, धन्नाधिवास, धृत्ताधिवास, गन्धाधिवास और धूपाधिवास हुआ. महायज्ञ के प्रमुख यजमान जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय थे. मंडप में श्री राय के अलावा सूरज हेंब्रम, पुष्पा खादका, दुर्गा खादका, सीमा करन, कन्हैया झा, रूपा देवी, यूके शर्मा, विनोद राय और भार्गवी देवी भी पूजा हेतु बैठी थीं. सुबह मंडपस्थ देवताओं का आह्वान किया गया और मंगलकामना की गई. फिर पंचागस्ट पूजा किया गया. पंचागस्ट पूजा के साथ ही नवग्रह मंडल पूजन, जोगिनी पूजन, क्षेत्रपाल पूजन के भी उपक्रम किये गये.

महायज्ञ के तीसरे दिन 5 जुलाई को मंडपस्थ आवाहित देवताओं का पूजन, अरणी मंथन द्वारा अग्नि स्थापन, पाठ, जप, हवन, पुष्पाधिवास, फलाधिवास, वस्त्राधिवास, औष्ध्याधिवास और मिष्ठानाधिवास का आयोजन होना है. महायज्ञ करा रहे विनोद पांडेय ने बताया कि किसी भी मंदिर का जीर्णोद्धार करना अत्यंत पुण्य का कार्य होता है. उन्होंने अग्निपुराण का हवाला देते हुए बताया कि किसी गिर रहे या गिर चुके मंदिर का जीर्णोद्धार करने से मंदिर निर्माण से भी दोगुना फल की प्राप्ति होती है. इस महायज्ञ में सर्वश्री विनोद पांडेय, संजीव पांडेय, राजू चौबे, अजय तिवारी, असंघ चौबे, निर्मल दुबे समेत 31 ब्राह्मण हिस्सा ले रहे हैं. बेगूसराय के पंडित गौरीकांत ठाकुर जी के मार्गदर्शन में यह महायज्ञ हो रहा है.

# अब सभी पीसीआर वाहनों में उपलब्ध रहेंगे फर्स्ट एड किट

- यातायात पुलिस की ओर से 40 किट बांटे गए

**संवाददाता । जमशेदपुर**



जमशेदपुर यातायात पुलिस की ओर से पीसीआर वाहनों के बीच फर्स्ट एड किट का वितरण किया गया. गुरुवार सुबह 8 बजे यातायात डीएसपी संजय कुमार सिंह ने साकची थाना परिसर में सभी पीसीआर वाहनों के बीच किट का वितरण किया. इस दौरान कुल 40 किट बांटे गए. वहीं यातायात डीएसपी संजय कुमार सिंह पीसीआर वाहन पदाधिकारियों को फर्स्ट एड किट के इस्तेमाल के बारे में भी जानकारी दी. डीएसपी ने बताया कि कहीं भी कोई हादसा होता है तो पुलिस की ओर से सबसे पहले पीसीआर वाहन ही मौके पर पहुंचती है. ऐसे में इस फर्स्ट एड किट की इस्तेमाल कर पीसीआर वाहन में मौजूद पदाधिकारी हादसे में घायल को प्राथमिक उपचार दे सकते है ताकि समय रहते घायल की जान बचाई जा सके. इसको लेकर पदाधिकारियों को ट्रेनिंग भी दी गई है. गुरुवार को 40 किट का वितरण किया गया है और 10 किट का वितरण किया जाना है. इसका वितरण यातायात पुलिस की ओर से ही किया गया है.

15 जून के बाद खाद्यान्न भेजने का खुल गया था ऑप्शन, जमशेदपुर प्रखंड के डीएसडी के कर्मचारी हड़ताल पर

# 150 डीलरों के यहां जुलाई माह का नहीं पहुंचा खाद्यान्न

वरीय संवाददाता | जमशेदपुर




जमशेदपुर प्रखंड के डोर स्टेप डिलीवरी के कर्मचारी तीन दिनों से हड़ताल पर हैं. जिसके कारण प्रखंड क्षेत्र के 150 से ज्यादा जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) की दुकानों में जुलाई माह का खाद्यान्न नहीं पहुंचा है. खाद्यान्न नहीं पहुंचने से लाभुकों के बीच वितरण प्रभावित हो रहा है. जमशेदपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित जेएसएफसी गोदाम के एजीएम कालीपदो पाल ने बताया कि हड़ताल के कारण खाद्यान्न का उठाव बंद है. जिसके कारण डीएसडी की गाड़ियां गोदाम में खड़ी हैं.

विभाग की ओर से प्रखंड का नया डीएसडी (ठेकेदार) गौरीशंकर को बनाया गया है. बकाया भुगतान लंबित रहने के कारण डीएसडी के अधीन काम करने वाले कर्मचारियों ने उठाव बंद कर दिया है. जिसके कारण पीडीएस दुकानों में खाद्यान्न भेजा जाना प्रभावित हुआ है. जानकारी हो कि प्रत्येक माह की 15 तारीख के बाद अगले माह के खाद्यान का आवंटन विभाग जारी कर देता है. साथ ही आवंटन का ऑप्शन विभाग के सर्वर में दिखने लगता है. जिसके बाद गोदाम से खाद्यान्न का उठाव शुरू हो जाता है. जून माह में 40 डीलरों के यहां जुलाई का खाद्यान्न भेजा गया था. इसी बीच 1 जुलाई से बकाया भुगतान को लेकर कर्मचारियों ने उठाव बंद कर दिया.

### दुकानदारों का सवाल कैसे बढ़ेगा प्रतिशत

कई पीडीएस डीलरों ने बताया कि विभाग हर माह 80-90 प्रतिशत वितरण सुनिश्चित करने की बात कहता है. ऐसे में समय पर खाद्यान्न उपलब्ध नहीं होने पर वितरण का प्रतिशत कैसे बढ़ेगा. जमशेदपुर प्रखंड स्थित गोदाम से जुगसलाई नगरपालिका (पूरा क्षेत्र), बागबेड़ा, हरहरगुट्टू, परसूडीह, सरजामदा, सोपोडेरा, करनडीह, सुन्दरनगर, नरवा पहाड़, कुदादा क्षेत्र की कुल 190 दुकानों में खाद्यान्न की डीएसडी की जाती है. ज्ञात हो कि उक्त क्षेत्र के डीलरों से विभाग ने मई-जून माह में खाद्यान्न का कम वितरण होने पर स्पष्टीकरण पूछा था.

# पेयजल समस्या व टूटी सड़कों पर निगम प्रशासक के तेवर सख्त

## 30 तक खोदी गई सड़कें ठीक नहीं हुईं तो एजेंसी पर दर्ज होगा केस

संवाददाता | आदित्यपुर



पानी के लिए टोल फ्री नंबर 18008906081 जारी

पदभार ग्रहण करते ही नगर निगम के प्रशासक रवि प्रकाश एक्शन में दिखे. उन्होंने आदित्यपुर में पानी की समस्या के लिए वाटर सप्लाई एजेंसी जिंदल पावर से टोल फ्री नंबर 18008906081 जारी करवाया है, जिस पर आम जनता 24 घंटे कॉल कर सर्विस ले सकेगी. उन्होंने आने वाले बरसात के सीजन को देखते हुए 30 जुलाई तक सभी खुदी हुई सड़कें भरने का सख्त निर्देश भी सभी एजेंसी को दिया है. अन्यथा उनके विरुद्ध नगर पालिका अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराएंगे.

निगम के प्रशासक ने बताया कि पानी के लिए जारी टोल फ्री 18008906081 जिंदल का है, जो 24 घंटे निर्बाध रूप से काम करेगा. उन्होंने बताया कि आज की बैठक में जलापूर्ति, सीवरेज सिस्टम पर मुख्य रूप से बातें हुईं है. जिसके तहत ही 30 जुलाई तक सड़कों का रिस्टोरेशन करने का निर्देश दिया है. वहीं पाइप लाइन वाटर सप्लाई के लिए घंटे दर घंटे वाटर सप्लाई का एरिया वार टाइम डिवाइड करने का निर्देश जारी किया है. इसके अलावा झारखंड सरकार की बिजली कटने से होने वाली परेशानी को देखते हुए जुस्को पावर का कनेक्शन लेने का निर्देश दिया गया है. चूंकि लाइन कटने पर शम्प में रिस्टोर कराने में 3 घंटे का समय लगते हैं इसी को देखते हुए जुस्को पावर का कनेक्शन लेने का निर्देश दिया है.

बता दें कि आदित्यपुर नगर निगम के नए प्रशासक के रूप में रवि प्रकाश ने बुधवार शाम ही प्रभार लिया है. उन्होंने कहा कि जल संकट विकराल है, साथ ही यत्र तत्र कचरों का अंबार है. इन दोनों समस्याओं को दूर करना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी. उन्होंने इन्हीं मसलों को लेकर सभी नगर प्रबंधकों के साथ बैठक कर आगे की रणनीति तय की है.. उन्होंने कहा कि टैंकर की संख्या बढ़ाई जाएगी और पानी की कमी होने पर जुस्को से पानी लिया जाएगा. वह एक राशि तय कर जल संकट से जूझ रहे अपार्टमेंट्स को भी पानी उपलब्ध कराएंगे. जलापूर्ति योजना के कार्यों की समीक्षा कर उसमें गति प्रदान की जाएगी ताकि जल्द से जल्द लोगों को पाइपलाइन के माध्यम से पानी मिल सके. उन्होंने अपनी दूसरी प्राथमिकता में पीएम आवास योजना के तहत बन रहे मकानों को शीघ्र लाभुकों को सौंपने की बात कही है.

### डीएसडब्ल्यूओ से पोटका के सीओ की शिकायत

**जमशेदपुर** | पोटका प्रखंड के आसनबनी गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र (उत्तरी) की सहायिका चयन में नियमों की अनदेखी एवं मनमानी का आरोप अंचलाधिकारी सह प्रभारी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी निकिता बाला पर लगा है. इसकी शिकायत आवेदनकर्ता श्यामली दास ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी (डीएसडब्ल्यूओ) संध्या रानी से की. जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया. आसनबनी गांव के आंगनबाड़ी केंद्र (उत्तरी) भाग संख्या-1 की सहायिका बेला रानी दास की मृत्यु गत माह हो गई. उनकी जगह दूसरे की नियुक्ति के लिए विभागीय नियमों के अनुसार ग्रामीणों को सूचित करते हुए 25 जून 2024 को एक ग्राम सभा बुलायी गई. जिसमें प्रभारी सीडीपीओ के रूप में अंचलाधिकारी (पोटका) मौजूद थी. ग्रामसभा में स्व. बेलारानी दास की बहू श्यामली दास के आवेदन पर विचार करने के बाद प्रभारी सीडीपीओ ने श्यामली दास को बाहरी (सेवा क्षेत्र से बाहर से है) बताकर उसके आवेदन को रदकर दिया.

# सिवेरियो का जमशेदपुर एफसी से बढ़ा करार

संवाददाता | जमशेदपुर



जमशेदपुर फुटबॉल क्लब ने स्पेनिश स्नाइपर जेवी सिवेरियो के अनुबंध को बढ़ा दिया है. 26 वर्षीय स्नाइपर जेवी को जनवरी में टीम में शामिल किया गया था. स्नाइपर जेवी ने टीम के लिए सिर्फ आठ मैचों में 3 गोल किए थे. उनकी पोजिसिनिंग, क्लियर फिनिशिंग और दबावपूर्ण फुटबॉल खेलने की क्षमता ने जमशेदपुर एफसी की आक्रमण क्षमताओं को काफ़ी हद तक बढ़ाया. स्नाइपर जेवी ने कहा कि क्लब और मुख्य कोच खालिद जमील ने मुझ पर भरोसा जताया है, जिससे मुझे अपनी योग्यता साबित करने का मौका मिला है. हमारा लक्ष्य हमेशा जीतना है और अपने प्रशंसकों को गौरवान्वित करने के लिए हर खेल में अपना सर्वश्रेष्ठ देना है. मुख्य कोच खालिद जमील ने कहा कि सिवेरियो एक आक्रामक स्ट्राइकर है. उसकी कार्य गति उच्च दबाव वाली फुटबॉल को प्रभावी ढंग से खेलने में मदद करती है. वह टीम के साथ अच्छी तरह से घुलमिल जाता है और इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में चार साल के अनुभव के साथ भारत में खेल की परिस्थितियों से अच्छी तरह परिचित है. जेवियर सिवेरियो जुलाई में प्री-सीजन में शामिल होने और मेन ऑफ स्टील के लिए जर्सी नंबर 9 पहनने के लिए तैयार हैं.

# पूर्वी सिंहभूम के 1452 पीडीएस डीलरों को डेढ़ वर्ष से नहीं मिला खाद्यान्न का कमीशन

## बाहरी लोग शिकायत के बाद करते हैं भयादोहन : महासचिव

वरीय संवाददाता | जमशेदपुर



पूर्वी सिंहभूम जिले के 1452 पीडीएस डीलरों का खाद्यान्न (ग्रीन कार्ड) वितरण का कमीशन डेढ़ वर्ष से बकाया है. वहीं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत बांटे गए चावल एवं चना दाल का कमीशन भी इस वर्ष अप्रैल 2024 से बाकी है. कमीशन नहीं मिलने से कई पीडीएस डीलरों की आर्थिक स्थिति दयनीय हो गई है.

फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन की जिला इकाई से इस संबंध में जिला आपूर्ति पदाधिकारी को मांग पत्र सौंपकर जल्द से जल्द कमीशन जारी करने का अनुरोध किया. एसोसिएशन के महासचिव प्रमोद गुप्ता ने बताया कि खाद्यान्न वितरण के कमीशन से ही पीडीएस डीलरों का परिवार चलता है. जनवरी 2023 से ग्रीन कार्ड के खाद्यान्न तथा इस वर्ष अप्रैल 2024 से एनएफएसए के तहत खाद्यान्न एवं चना दाल का कमीशन बकाया है. ज्ञात हो कि पीडीएस डीलरों को प्रति क्विंटल 1.50 रुपया कमीशन मिलता है.

एसोसिएशन के महासचिव प्रमोद गुप्ता ने बताया कि राशन वितरण में गड़बड़ी की शिकायत लाभुक की बजाय अधिकांश बाहरी लोग करते हैं. शिकायत पर विभाग डीलर के खिलाफ कार्रवाई करता है. जिसके कारण बाहरी लोग दोबारा शिकायत नहीं करने के एवज में भयादोहन करते हैं. जिले के कई डीलर इसके शिकार हो चुके हैं.

उन्होंने कहा कि ऐसे बाहरी लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई करने की जरूरत है, जिससे ऐसे लोग गलत शिकायत नहीं कर सकें.

# कॉलेज को सही तरीके से चलाने की मंशा रखें

## बीडीएसएल महिला इंटर एवं डिग्री कॉलेज की समस्या को लेकर एसडीओ ने की बैठक

संवाददाता | घाटशिला



घाटशिला अनुमंडल कार्यालय सभागार में गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) सच्चिदानंद महतो ने बीडीएसएल महिला इंटर एवं डिग्री कॉलेज की समस्या को लेकर बैठक की. बैठक में इंटर तथा डिग्री कॉलेज के प्राचार्य, सचिव एवं ट्रस्टी शामिल हुए.

एसडीओ ने कहा कि कॉलेज को सही तरीके से चलाने की मंशा रखें. डिग्री कॉलेज का अनुदान पिछले वित्तीय वर्ष 2018-19 से बंद है, जबकि इंटर कॉलेज का अनुदान पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 में 30 लाख रुपया प्राप्त हुआ है. अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि अगली बैठक में दोनों कॉलेज को मान्यता के लिए जो कोड दिया गया है उसे तथा अन्य जरूरी कागजात अवश्य लेकर आएं. पदेन अध्यक्ष विधायक के अनुपस्थित रहने के कारण कॉलेज की समस्या पर कोई निर्णय नहीं हुआ. दोनों कॉलेज के प्राचार्य सहित सचिव ने अपनी अपनी बातें रखीं. बैठक में एलआरडीसी नित निखिल सुरीन, कार्यपालक दंडाधिकारी अमन कुमार, इंटर की प्राचार्य मिथिला हेम्ब्रम, स्नातक की प्राचार्य निशा गुप्ता, इंटर कॉलेज के सचिव आनंद अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत सहित अन्य उपस्थित थे.

# अकादमिक-उद्योग सहयोग पर किया गया समझौता

संवाददाता | आदित्यपुर

झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जेयूटी), विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी केंद्र रांची और आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर आदित्यपुर जमशेदपुर के बीच गुरुवार को एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर हुआ है. ऑटो क्लस्टर के एमडी एस एन ठाकुर ने बताया कि यह एमओयू अकादमिक-उद्योग सहयोग पर पहल के लिए हुआ है जिसका लक्ष्य औद्योगिक और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए झारखंड के प्राकृतिक संसाधनों का लाभ उठाने की दिशा में काम करना है. एमओयू पर हस्ताक्षर करने वालों में झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (जेयूटी) रांची की ओर से प्रोफेसर डॉ डी के सिंह, कुलपति जेयूटी श्री कुमार शामिल रहे जबकिआदित्यपुर ऑटो क्लस्टर, जमशेदपुर की ओर से प्रबंध निदेशक एस.एन.ठाकुर ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया. इस अवसर पर आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर के निदेशक मंडल के सदस्य इंदर अग्रवाल, संतोष खेतान, संतोख सिंह, प्रवीण गुटगुटिया और अशोक गुप्ता मौजूद थे.

**मुसीबत** वन विभाग ने डीमुडीह गांव के पीड़ित को मुआवजा के लिए आवेदन देने को कहा

# चांडिल डैम के किनारे दो जंगली हाथी ने मकान तोड़ कर खाया धान

संवाददाता | चांडिल



चांडिल डैम के किनारे बसे डीमुडीह गांव में बुधवार की रात दो की संख्या में जंगली हाथी पहुंचे और एक मकान को ध्वस्त कर मकान के अंदर रखे धान को खा लिया. जानकारी के अनुसार डीमुडीह में बुधवार की रात अचानक दो जंगली हाथी पहुंचे. हाथियों ने ज्योतिलाल माझी के मकान की एक दीवार को तोड़ कर मकान के अंदर रखे धान को खा लिया. हाथियों ने करीब दो क्विंटल धान को आहार बनाकर और तितर-बितर कर नष्ट कर दिया. इसके बाद जंगली हाथी ठाकुर दास माझी के मकान पर धावा बोला. हालांकि हाथियों ने ठाकुर दास माझी के मकान को अधिक नुकसान नहीं पहुंचाया. उसके मकान की दीवार पर मात्र एक जगह तोड़ा है.

जंगली हाथी के गांव में प्रवेश करने के बाद ग्रामीण दहशत में आ गए हैं. ऐसे में रात को घर से बाहर निकलना खतरे से खाली नहीं रह गया है. ग्रामीणों ने हाथी के गांव पहुंचकर मकान तोड़ने के बाद धान को आहार बनाने की सूचना वन विभाग को दी. ग्रामीणों ने विभाग से जंगली हाथियों से जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की भी मांग की है. वन विभाग के कर्मियों ने पीड़ित को क्षतिपूर्ति के लिए अवोदन देने को कहा है. वन कर्मियों ने कहा कि जंगली हाथियों को वापस जंगल में भेजने के लिए विभाग प्रयासरत है, लेकिन हाथी एक स्थान से दूसरे स्थान की आबादी वाले क्षेत्र में पहुंच जा रहे हैं. वनकर्मियों ने हाथी के पहुंचने पर उसे वापस जाने के लिए रास्ता देने की अपील की. उसे घेर कर नहीं रखने की बात कही.

## ब्रीफ खबरें

### वृद्ध व दिव्यांग 6 महीने से पेंशन के लिए दौड़ रहे

**आदित्यपुर** | झारखंड में सर्वजन पेंशन योजना दिखावा है. यहां वृद्धजन और दिव्यांग 6 महीने से पेंशन के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं. यह बातें झारखंड युवा जनशक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय झा ने विज्ञप्ति जारी कर कही है. उन्होंने कहा कि देश में राजनीति का स्तर इतना नीचे गिर गया है कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी सनातन धर्म पर ही उंगली उठा रहे हैं. राज्य में 50 साल से अधिक उम्र के लोगों के लिए सरकार द्वारा सर्वजन पेंशन योजना लागू तो कर दी गई है, लेकिन 6 माह से लाभुकों को पेंशन नहीं मिल रहा है.

### पानी निकासी का स्थायी समाधान हो : डॉ सुनीता

**घाटशिला** | भाजपा नेत्री सह समाजसेवी डॉ. सुनीता देवदूत सोरेन ने कहा कि घाटशिला शहर में थोड़ी सी बारिश के बाद घाटशिला शहर पानी में डूब जाता है. पानी नाली से ओवरफ्लो होकर सड़क पर बहने लगता है. पूरे बरसात के मौसम में शहर के लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है. पानी निकासी की समस्याओं से लोग स्थायी समाधान चाह रहे हैं. वर्तमान सरकार के विधायक का शहर की सड़क एवं नाली पर कोई ध्यान नहीं है. आये दिन कूड़ा-कचरा डाले जाने पर नाली पूरी तरह जाम हो जाती है.

### बाइक का ब्रेक फंस जाने से पिता पुत्र गिरे, जख्मी

**घाटशिला** | थाना क्षेत्र के फूलपल क्रॉसिंग के समीप एनएच 18 फोरलेन पर बाइक का ब्रेक फंस जाने के कारण गुरुवार को बाइक से गिरकर पिता पुत्र गंभीर रूप से जख्मी हो गये. 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों को अनुमंडल अस्पताल घाटशिला पहुंचाया गया. घटना के संबंध में गुड़ाबांदा थाना क्षेत्र के भाखर गांव निवासी घायल संग्रम नायक ने बताया कि वे अपने पुत्र प्रदीप नायक एवं प्रकाश नायक को सरायकेला से लेकर गुड़ाबांदा जा रहे थे. अचानक बाइक का ब्रेक फंस जाने से सड़क पर गिर गए.

### अस्पताल भवन निर्माण में अनियमितता की शिकायत

**चांडिल** | चांडिल प्रखंड के चावलीबासा पंचायत के पूर्व पंचायत समिति सदस्य गुरु चरण साव ने अनुमंडल पदाधिकारी को पत्र सौंपकर ग्रामीण विकास विभाग विशेष प्रमंडल द्वारा 55.50 लाख रुपये की लागत से निर्माण कराये जा रहे स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्माण में भारी अनियमितता बरते जाने की शिकायत की है. उन्होंने निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है. एसडीओ को सौंपे पत्र में उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर योजना से संबंधित कोई बोर्ड नहीं लगाया गया है.

### सड़क दुर्घटना में घायल बोड़ाम की महिला की मौत

**जमशेदपुर** | बोड़ाम थाना अंतर्गत पोटकाडीह गांव में सड़क दुर्घटना में घायल चारुवाला सिंह (40) की इलाज के दौरान एमजीएम अस्पताल में मौत हो गई. घटना बुधवार देर शाम की है. गुरुवार को कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद चारुवाला के शव का पोस्टमार्टम कराया गया. परिजनों ने बताया कि चारुवाला बुधवार को अपने बेटे गुरुपदो सिंह के साथ बाइक में बैठकर बाजार करने शहर आई थी. वापसी के क्रम में दुर्घटना में चारुवाला के सिर पर गंभीर चोट आई थी. इलाज के दौरान रात 8 बजे उसकी मौत हो गई थी.

### साकची में खुला रेलवे का टिकट रिजर्वेशन काउंटर

**जमशेदपुर** | साकची में एक बार फिर से रेलवे रिजर्वेशन काउंटर खुल गया है.गुरुवार को पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने जीएनएसी कार्यालय के पास रिजर्वेशन काउंटर का फीता काटकर उद्घाटन किया. साकची के बसंत सिनेमा के पास पूर्व में एक रेलवे रिजर्वेशन काउंटर था जिसे कोरोना के समय बंद कर दिया गया था. सोमवार से शनिवार तक यह काउंटर सुबह 8.30 बजे से रात के 9 बजे तक खुलेगा जबकि रविवार को दोपहर 2 बजे से शाम के 4 बजे तक यह काउंटर खुला रहेगा. इस काउंटर के खुल जाने से लोगों को काफी सहुलियत होगी.

## न्यूज अपडेट

### घाटशिला से कांग्रेस का प्रत्याशी देने की उठी मांग



**घाटशिला** | कांग्रेस पार्टी की ओर से गुरुवार को पंचायती धर्मशाला घाटशिला में विधानसभा स्तरीय बैठक आयोजित की गई. बैठक में घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के तीनों प्रखंड एवं अन्य मंडल से भी सक्रिय कार्यकर्ता शामिल हुए. मौके पर कांग्रेस पार्टी मनरेगा विभाग के जिला अध्यक्ष तापस चटर्जी ने कहा कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी घाटशिला विधानसभा क्षेत्र से अपनी पार्टी का प्रत्याशी दे. यह हम सभी जिला स्तर से लेकर बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की मांग है. इसके अलावा अन्य कार्यकर्ताओं ने भी बैठक को संबोधित किया. मौके पर मुख्य रूप से लक्ष्मण चांद बाग, मानस दास, राज किशोर सिंह, हित काफी संख्या में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता शामिल थे.

### पार्षदों ने की जविप्र दुकानदारों की बीडीओ से शिकायत



**आदित्यपुर** | नगर निगम क्षेत्र के पीडीएस डीलरों की मनमानी को लेकर पूर्व पार्षदों ने गुरुवार को गम्हरिया के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) से मुलाकात कर एक मांग पत्र सौंपा है. पार्षदों ने बताया कि विगत कई महीनों से उनके क्षेत्र के पीडीएस डीलरों द्वारा उपभोक्ताओं को नियमित रूप से खाद्यान्न नहीं दिया जा रहा है. उपभोक्ता जब पूछताछ करते हैं तो कहा जाता है कि जहां जाना है आप जाइए. उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता. जब उपभोक्ताओं की शिकायत के आधार पर वे डीलरों से पूछताछ करते हैं तो उनकी बातों को भी अनसुना कर दिया जाता है. इसमें मुख्य रूप से पूर्व पार्षद नथुनी सिंह, नीतू शर्मा, मनोरमा देवी और सुधीर सिंह शामिल थे.

### जर्जर प्रतीक्षालय में ठहरने को मजबूर हैं यात्री



**बहरागोड़ा** | बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के मानुषमुड़िया पंचायत अंतर्गत मानुषमुड़िया गांव में चाकुलिया-बहरागोड़ा मुख्य मार्ग किनारे स्थित यात्री प्रतीक्षालय का भवन जर्जर हो चुका है. हालांकि प्रतीक्षालय की छत का हिस्सा गिरने लगा है. वहीं राहगीरों को चिलचिलाती धूप या बारिश के दिनों में कहीं आने-जाने के लिए यहां वाहनों का इंतजार करना पड़ता हैं. छत से प्लास्टर गिरने के कारण कभी भी किसी के ऊपर गिर सकता है, जिसके कारण लोग भवन के बाहर खड़े होकर वाहनों का इंतजार करते हैं. ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित विभाग से यदि सही समय पर मरम्मत की जाती तो आने जाने वाले लोगों को भवन के बाहर खड़ा नहीं होना पड़ता.

### सर्वे बंद कराने के लिये संघर्ष समिति ने सौंपा ज्ञापन



**आदित्यपुर** | आवास बोर्ड के रेंटल कॉलोनी डब्ल्यू टाइप के जर्जर फ्लैट को तोड़ने को लेकर बोर्ड इन दिनों सर्वे करा रही है. जिसको लेकर डब्ल्यू टाइप संघर्ष समिति आंदोलनरत है. संघर्ष समिति ने गुरुवार को सर्वे रद करने की मांग को लेकर आवास बोर्ड के कार्यपालक अभियंता के नाम ज्ञापन सौंपा है.आवास बोर्ड डब्ल्यू टाइप क्वार्टर को जर्जर एवं आवासन हेतु अयोग्य घोषित कर चुका है. जिसको लेकर इन दिनों बोर्ड का वीकर सेक्शन फ्लैट्स डब्ल्यू टाइप के विरुद्ध सर्वे जारी है. जबकि फ्लैट्स में रह रहे परिवार के लोग की दलील है कि वे लोग फ्लैट्स का जीर्णोद्धार कराकर वर्षों से रह रहे हैं. उन्हें अपने सिर से छत छिन जाने की चिन्ता सताने लगी है.

### बर्मामाइंस में डिवाइडर पर चढ़ा टेलर, चालक फरार



**जमशेदपुर** | बर्मामाइंस थाना क्षेत्र अंतर्गत टिस्को कंपनी सुनसुनिया गेट स्थित डायमंड होटल के पास गुरुवार सुबह एक टेलर अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया. घटना के बाद चालक टेलर को छोड़कर मौके से फरार हो गया. इस घटना के बाद वहां आवागमन बाधित हो गया. सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई थी. जानकारी के अनुसार टेलर साकची से होकर बर्मामाइंस की ओर जा रहा था. इसी बीच टेलर अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर जा चढ़ा. हालांकि इस घटना में किसी को नुकसान नहीं हुआ है. सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने वहां यातायात सुचारु करवाया. घटना की जांच की जा रही है. इसके बाद उचित कार्रवाई की जाएगी.

### गुड़ाबांदा में रक्तदान शिविर का आयोजन आज



**गुड़ाबांदा** | पंचायत भवन में शुक्रवार 5 जुलाई को तृतीय वर्ष रक्तदान शिविर आयोजन किया जाएगा. शिविर को सफल बनाने के लिए गुरुवार को रक्तदान जागरुकता अभियान चलाया गया. प्रखंड के काशियाबेड़ा, गुढ़ा, मुचरिशोल, पहाड़पुर, मुढ़ाकाटा, आसनबनी, अर्जुनबेड़ा गांव में घुमते हुए लोगों के बीच स्वपन कुमार महतो, भुषण चन्द्र महतो, लक्ष्मी कांत मण्डल, अर्जुन ठाकुर, सुमंत श्यामल, देवाशीष प्रधान आदि ने ग्रामीणों को रक्तदान के महत्व को समझाया. आयोजन समिति के स्वपन महतो ने बताया कि झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओड़िशा में प्रत्येक पंचायत में रक्तदान शिविर आयोजन के लिए संकल्पित हैं.

### पर्यावरण जागरुकता के तहत किया पौधरोपण



**आदित्यपुर** | अस्तित्व संस्था के सदस्यों द्वारा मॉनसून को देखते हुए पर्यावरण जागरुकता संदेश कार्यक्रम चलाया जा रहा है. इसके अंतर्गत गुरुवार को सुधा डेयरी मोड़ के पास सनराइज एनक्लेव सोसाइटी के प्रांगण में पौधरोपण किया गया. सोसाइटी के योग टीचर नवल किशोर प्रसाद और मोना प्रसाद की अगुआई में लगभग बीस छायादार पौधे लगाए गए. सभी पौधे बाउंड्री के किनारे किनारे लगाए गए और सोसाइटी के सभी लोगों को एक एक पौधे की देखभाल करने की जिम्मेवारी सौंपी गई है. सामाजिक संस्था अस्तित्व की संस्थापक सदस्य मीरा तिवारी ने कहा कि संस्था द्वारा लोगों में यह संदेश दिया गया कि एक व्यक्ति एक पौधा लगाए तो हमारी आने वाली पीढ़ी को अनेक कठिनाइयों से बचाया जा सकता है. इससे ग्लोबल वार्मिंग और पानी की कमी को दूर किया जा सकता है.

### सेल मेघाहातुबुरु के गेस्ट हाउस दो में बिजली बचाने के लिए 20 किलोवाट का लगाया गया सोलर प्लांट

# सौर ऊर्जा से ग्लोबल वार्मिंग कम करने में होगा लाभ : सीजीएम

संवाददाता । किरीबुरु

सेल, मेघाहातुबुरु के गेस्ट हाउस-दो (बैचलर हॉस्टल) में 20 किलोवाट के सोलर पावर प्लांट ग्रिड का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि सीजीएम आरपी सेलबम ने किया. इस सोलर पावर प्लांट से गेस्ट हाउस-दो में सुबह से शाम तक लगातार बिजली आपूर्ति होगी. यहां लगभग 30 किलोवाट बिजली की खपत है, लेकिन इस सोलर पावर प्लांट से 20 किलोवाट बिजली मिलेगी.

इस बिजली से एसी, कूलर, फ्रीज आदि गेस्ट हाउस के सभी उपकरण चलेंगे. इस प्लांट को लगाने में लगभग 13 लाख रुपये का खर्च आया है. सीजीएम आरपी सेलबम ने कहा कि मेघाहातुबुरु खदान सेल, जेजीओएम का पहला खदान हो गया है, जहां यह प्लांट लगाया गया है.


स्वीच दबाकर सोलर प्लांट का उद्घाटन करते सीजीएम आरपी सेलबम.


कार्यक्रम के दौरान मंचासीन सीजीएम आरपी सेलबम व अन्य पदाधिकारी.

उन्होंने कहा कि सौर उर्जा के उत्पादन से ग्लोबल वार्मिंग व वायुमंडल में फैलने वाले कार्बन फुटप्रिंट, प्रदूषण को कम किया जा सकेगा. ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा मिलेगा. इस प्लांट को लगाने में हमें जितना पैसा खर्च हुआ है उसकी भरपाई छह वर्ष में हो जायेगी. इसके मेंटेनेंस पर काफी कम खर्च आयेगा. उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में सेल की मेघालया गेस्ट हाउस, केन्द्रीय विद्यालय समेत अन्य जगहों पर भी ऐसा प्लांट लगाया जायेगा. भारत सरकार भी इस दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया है, ताकि कोयला के सहारे बिजली का उत्पादन कम कर खनिज व पर्यावरण को होने वाले नुकसान को कम किया जा सके.

- सोलर प्लांट लगाने वाला पहला प्लांट है मेघाहातुबुरु

इस दौरान सीजीएम एसएस साहा, जीएम संजय कुमार सिंह, योगेश प्रसाद राम, विकास दयाल, जीएम एके पटनायक, मनीष राय, जीएम केबी थापा, डीजीएम जीके नायक, संजय कुमार सिंह, एजीएम अवधेश कुमार, अजीत कुमार, सरस साहू, डॉ. मनोज कुमार, संदीप भारद्वाज, मोहन कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक बी राजू बेलध, सहायक प्रबंधक अफजल हुसैन आदि अधिकारी मौजूद थे.

## किरीबुरु में शराब दुकान से 1.30 लाख रु. व 15 हजार की दारू चोरी

संवाददाता । किरीबुरू



किरीबुरु के प्रोस्पेक्टिंग स्थित सरकारी अंग्रेजी शराब दुकान का ताला तोड़ चोरी कर ली गई. चोरों ने लगभग 1,30,890 रुपये और लगभग 14,610 रुपये की विभिन्न ब्रांडों की अंग्रेजी शराब की बोतलें चोरी कर लीं. चाईबासा से आये आबकारी विभाग के दारोगा प्रवीण कुमार चौधरी, किरीबुरु थाना पुलिस पदाधिकारी एवं दुकान के मैनेजर व स्टाफ की मौजूदगी में अंग्रेजी शराबों का स्टॉक और दो दिन का सेल का पैसा का मिलान किया गया.

यह घटना 4 जुलाई की अहले सुबह की बताई जा रही है. प्रोस्पेक्टिंग के लोगों ने सुबह दुकान का दोनों ताला टूटा देखा. इसके बाद इसकी जानकारी पुलिस व दुकान के स्टाफ को दी. पुलिस के आने के बाद दुकान को खोला गया तो कैश बॉक्स से सारा पैसा और शराब की कई बोतलें भी नहीं थीं. इस दुकान की निगरानी प्राइवेट सुरक्षा गार्ड टुल्लू करुवा करता था. उसकी ड्यूटी रात्रि 10 बजे से सुबह 10 बजे तक थी. लेकिन बताया जा रहा है कि वह ड्यूटी पर मौजूद नहीं था. पुलिस टुल्लू करुवा से पूछताछ कर रही है.

उसने बताया कि वह सुबह तीन बजे घर चला गया था. रात में कोहरा था व बारिश भी हो रही थी. शराब दुकानदार की तरफ से किरीबुरु थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने की तैयारी चल रही है.

## हेमंत ने आदिवासी संथाल समाज को किया अपमानित : टुडू

**घाटशिला** । हेमंत सोरेन ने पूरे कोल्हान क्षेत्र के आदिवासी संथाल समाज को अपमानित किया. जिस षड्यंत्र के तहत चंपई सोरेन से इस्तीफा लिया गया. जेल जाने से पूर्व चंपई सोरेन को विधायक दल का नेता चुना गया. उस दिन हेमंत सोरेन ने कहा था कि परिवारवाद से ऊपर उठकर वरिष्ठ झामुमो नेता को विधायक दल का नेता चुना गया. उक्त बातें गुरुवार की शाम घाटशिला के होटल में पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही.

उन्होंने कहा कि जब शशि नाथ झा हत्याकांड में गुरु जी को जेल जाना पड़ा था उस समय स्टीफन मरांडी और चंपई सोरेन ने पूरी ईमानदारी के साथ संगठन को संगठित रखने का काम किया था. वैसे झारखंड मुक्ति मोर्चा के समर्पित नेता चंपई सोरेन से आनन फानन में इस्तीफा लेना और तत्काल मुख्यमंत्री का शपथ हेमंत सोरेन को लेना यह परिवारवाद नहीं तो और क्या है.

शिबू सोरेन के परिवार को छोड़कर झारखंड मुक्ति मोर्चा में दूसरा कोई भी सत्ता में नहीं रह सकता. पूर्व विधायक ने कहा कि आदिवासी समाज बोलना नहीं है लेकिन सब बात समझता है इसी का तो उदाहरण है कि आदिवासियों ने अंग्रेजों के खिलाफ भी आंदोलन छेड़ दिया था. समय आ रहा है आदिवासी संथाल समाज संगठित होकर इन आदिवासी विरोधी नेताओं को अवश्य सबक सिखाएगी. प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से संजय तिवारी, पोल्टु सरदार, बुद्धेश्वर मार्डी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रंगलाल महतो, सौरभ चक्रवर्ती, सुरेश माहाली उपस्थित थे.



### सुबह पहली पाली से ही पूर्व सीएम के नेतृत्व में सेलकर्मी, सप्लाई और ठेका कर्मी खदान के गेट पर पहुंच गए

# सेल की गुवा खदान में अनिश्चितकालीन स्लो डाउन आंदोलन शुरू, लाखों का घाटा


गुवा खदान में काफी धीमी गति से चल रहा काम.


गुआ जनरल ऑफिस गेट पर आंदोलन करते लोगों की फाइल फोटो.

- वार्ता में मधु कोड़ा ने चार मांगें सीजीएम के सामने रखीं

संवाददाता । किरीबुरू

चार सूत्री मांगों को लेकर सेल की गुवा ओर माइंस खदान में 4 जुलाई की सुबह पहली पाली से ही पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के नेतृत्व में सेलकर्मियों, सप्लाई व ठेका मजदूरों ने अनिश्चितकालीन स्लो डाउन आंदोलन शुरू कर दिया है. इस आंदोलन से पहले दिन पहली पाली में ही सेल प्रबंधन को लगभग लाखों रुपये का नुकसान हो चुका है. इस आंदोलन में झारखंड मजदूर संघर्ष संघ, सीटू, इंटक (दोनों गुट), झारखंड मजदूर यूनियन, सप्लाई मजदूर संघ, सारंडा मजदूर संघ आदि मजदूर संगठनों से जुड़े श्रमिक शामिल हैं. सिर्फ बीएमएस शामिल नहीं है. इनका पूरा समर्थन स्थानीय ग्रामीण व बेरोजगार कर रहे हैं.

तीन जुलाई की शाम आंदोलनकारियों ने अपनी मांगों को लेकर सेल, गुवा प्रबंधन के जेनरल ऑफिस का घेराव व प्रदर्शन किया था. इसके बाद प्रबंधन ने पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के नेतृत्व में एक कमिटी को वार्ता के लिए बुलाया. वार्ता के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने चार मांगें मुख्य महाप्रबंधक के सामने रखीं.

इसमें बीते दिनों बाहर से नियुक्त कर गुवा भेजे गये एस-3 ग्रेड के 18 सेल कर्मचारियों को तत्काल वापस भेजना, ठेका मजदूरों को समान कार्य का समान वेतन और सुविधाएं देने, सेवानिवृत्त सेल के कर्मचारियों के आश्रितों को खदान में नौकरी एवं गुवा खदान में 500 पदों पर खदान से प्रभावित सारंडा के गांवों और गुवा के स्थानीय बेरोजगारों को नौकरी देना शामिल था. सेल प्रबंधन द्वारा कोई मांग नहीं मानने के बाद चार जुलाई की सुबह से खदान में अनिश्चितकालीन स्लो डाउन आंदोलन शुरू किया गया है.

मजदूर नेता रामा पांडेय ने बताया कि स्लो डाउन आंदोलन का व्यापक असर गुवा खदान में देखने को मिल रहा है. सुबह 10 बजे तक एक ट्रिप ही उत्पादन होने की जानकारी मिली है. सभी विभागों के सेलकर्मी व ठेका मजदूर स्लो डाउन आंदोलन में पूरा सहयोग कर रहे हैं. इससे गुवा सेल खदान के प्रबंधन को भारी नुकसान पहले दिन से ही उठाना पड़ रहा है. आने वाले दिनों में आंदोलन की गति और तेज होगी.

### पहली पाली में मात्र 1200 टन हुआ उत्पादन

गुवा खदान के सावेल एवं डंपर ऑपरेटरों की कछुआ गति की चाल की वजह से 4 जुलाई को आंदोलन के पहले दिन पहली पाली में मात्र 1200 टन ही लौह अयस्क का उत्पादन संभव हो पाया है. जबकि पहली पाली में औसत उत्पादन 4 हजार 500 टन होता रहा है. इसके अलावे दूसरी व रात्रि पाली की रिपोर्ट शुक्रवार की सुबह तक मिलने की बात कही जा रही है. गुवा खदान में तीनों पालियों में कार्य होता है.

इस खदान का वार्षिक उत्पादन 4.2 मिलियन टन है. मजदूर नेता रामा पांडेय ने बताया कि इस आंदोलन से प्रबंधन को एक पाली में ही लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है. जैसे जैसे आंदोलन आगे बढ़ेगा नुकसान बढ़ता जायेगा. सेल अधिकारी आंदोलन खत्म करने का आग्रह कर रहे हैं, लेकिन जब तक मांगें पूरी नहीं होती तब तक आंदोलन जारी रहेगा. उन्होंने कहा कि इस आंदोलन की जानकारी सहायक श्रमायुक्त को भी यूनियन की ओर से दी गई है. दूसरी तरफ गुआ खदान के एक उच्च अधिकारी ने बताया कि स्लो डाउन से उत्पादन पर असर अवश्य पड़ा है, लेकिन आज उत्पादन की स्थिति की जानकारी उच्च अधिकारियों के साथ बैठक के कारण नहीं ले पाये हैं. समस्या का समाधान जल्द करने का प्रयास होगा. उनकी मांगों पर कुछ प्रस्ताव दिया था, लेकिन वे नहीं माने. आगे पुनः वार्ता कर समाधान किया जाएगा.

## उत्पादन को धीमा न करें कार्रवाई होगी : भास्कर

संवाददाता । किरीबुरु

सेल की गुवा खदान में चार सूत्री मांगों को लेकर 4 जून से अनिश्चितकालीन स्लो डाउन आंदोलन कर रहे श्रमिकों व मजदूर संगठनों को गुवा खदान के सीजीएम कमल भास्कर ने अपील पत्र जारी किया है.

अपील में उन्होंने कहा है कि सेल एक महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहा है, जिसमें कंपनी की कार्यप्रणाली में निरंतर सुधार के लिए प्रत्येक खदान/इकाई में सभी प्रयास किए जा रहे हैं. इसलिए ऐसे सकारात्मक औद्योगिक माहौल में कंपनी के विरोध में उत्पादन कार्य की गति को धीमा करना हमारी संस्था तथा राष्ट्र दोनों के लिए हानिकारक है.

आप सबों को ज्ञात हो कि भारत सरकार की घोषणा के अनुरुप लौह अयस्क खनन उद्योग सार्वजनिक उपयोगिता सेवा के अंतर्गत आती है. अतः खदान में उत्पादन कार्य की गति को धीमा करना अनुचित व गैर-कानूनी के साथ कंपनी के आदेशानुसार कदाचार है. सीजीएम ने अपील की है कि गुवा खदान के विरुद्ध ऐसे किसी भी अहितकारी कार्य में शामिल न हों और ऐसे नकारात्मक मानसिकता का सहयोग न करें. किसी भी प्रकार की संलिप्तता पाए जाने पर कंपनी के नियमानुसार अनुशासनिक कार्रवाई के लिए प्रबंधन बाध्य होगा. अतः गुवा खदान में उत्पादन एवं डिस्पैच की लक्ष्य प्राप्ति हेतु प्रबंधन आप सभी से सक्रिय सहयोग की आशा रखता है.

- गुवा खदान में आंदोलन कर रहे श्रमिकों व मजदूर संगठनों के नाम सीजीएम ने जारी किया अपील पत्र

उल्लेखनीय है कि सीजीएम की इस अपील के साथ-साथ धमकी से श्रमिकों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है. वे आगे आंदोलन को और तेज करने का मन बना रहे हैं.

### प्रबंधन कार्यवाही का भय दिखा आंदोलन को दबाने का प्रयास नहीं करे : मधु कोड़ा



गुवा के सीजीएम कमल भास्कर द्वारा आंदोलन कर रहे श्रमिकों को जारी धमकी भरे पत्र पर प्रतिक्रिया देते हुये पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने कहा कि गुवा के मजदूर अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे हैं. समान काम का समान वेतन मजदूरों का नैतिक अधिकार व जायज मांग है. गुवा प्रबंधन धमकी भरा अपील पत्र जारी कर स्वयं माहौल खराब करना चाहता है, जबकि मजदूर अपनी मांगों का शांतिपूर्ण समाधान चाहते हैं. उन्होंने कहा कि अगर प्रबंधन किसी भी मजदूर के खिलाफ विद्वेष में आकर कार्यवाही करता है तो इसका खामियाजा प्रबंधन को ही उठाना पड़ेगा. हमें उम्मीद है कि गुवा प्रबंधन मजदूरों की चार सूत्री मांगों को वार्ता के जरिये पूरा करेगा.

## वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ राधा कृष्ण मंदिर में हुआ शुद्धिकरण कार्यक्रम

संवाददाता । चक्रधरपुर

कराइकेला साहू टोला स्थित राधा कृष्ण मंदिर का शुद्धिकरण कार्यक्रम गुरुवार को संपन्न हुआ. इस अवसर पर पुजारी गौरांग नंदा, सहयोगी पुजारी नलिन कांत रथ के नेतृत्व में विजय नदी से पूरे विधि-विधान के साथ कलश यात्रा निकली गई.

इसके बाद शिव मंदिर से राधा कृष्ण की युगल मूर्ति शंखनाद घंटा वादन के साथ धूमधाम से मंदिर लाई गयी. इसके दर्शन करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी. उसके बाद पूजा का कार्यक्रम शुरू हुआ. संपूर्ण रूप से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सभी कार्यक्रम भक्तों की उपस्थिति में किया गया. इसके बाद हवन संपन्न हुआ.


राधा कृष्ण मंदिर में शुद्धिकरण कार्यक्रम में हवन करते पुजारी

इस मौके पर श्रद्धालुओं ने 101 दीप प्रज्ज्वलित कर राधा कृष्ण मंदिर की परिक्रमा करायी गयी.

इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया. इस मौके पर आशीष साहू, धनंजय साहू, अमरेश साहू, आलोक साहू, राहुल साहू, द्वारिका साहू, आनंद साहू, परितोष साहू, विजय साहू, मोहगी साहू, प्रियांशु साहू, मुकेश साहू, उदय शंकर साहू, भोला साहू, दिलीप साहू समेत काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे.

### किरीबुरु में पीसीएस स्कूल के सामने गार्डवाल धंसा

**किरीबुरु** । किरीबुरु में पिछले कुछ दिनों से निरंतर जारी भारी वर्षा की वजह से प्रोजेक्ट सेंट्रल स्कूल, किरीबुरु के सामने मुख्य सड़क के किनारे का गार्डवाल धंस गया है. इस घटना की सूचना मिलने के बाद सिविल विभाग द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर बैरिकेड टेप से घेराबंदी कर दी गई है. सिविल विभाग ने बताया कि घटना स्कूल गेट के ठीक सामने हुई है. स्कूल की छुट्टी के समय सारे बच्चे इसी तरफ से आना-जाना करते हैं. इस दौरान बच्चे दुर्घटना का शिकार नहीं हों, इसलिए सुरक्षा के दृष्टिकोण से घेराबंदी कर दी गई है.

उल्लेखनीय है कि किरीबुरु प्रबंधन स्कूल के सामने मुख्य सड़क के दोनों किनारे फुटपाथ व पेबर ब्लॉक लगाकर इस क्षेत्र का सौन्दर्यीकरण किया था.यह गार्डवाल काफी पुराना था.

## स्काउट्स और गाइड्स हमेशा किसी भी सेवा के लिए निःस्वार्थ भाव से आगे आते हैं : डीआरएम


स्काउट्स एंड गाइड्स के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते डीआरएम.


विभिन्न गतिविधियों की स्लाइड शो देखते डीआरएम व अन्य.

संवाददाता । चक्रधरपुर

दक्षिण पूर्व रेलवे भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की वार्षिक जिला परिषद बैठक गुरुवार को चक्रधरपुर के डीआरएम कार्यालय सभागार में हुई. बैठक में चक्रधरपुर के डीआरएम सह द.पू रेलवे भारत स्काउट्स एंड गाइड्स चक्रधरपुर मंडल के अध्यक्ष अरुण जतोह राठौड़ उपस्थित थे. डीआरएम अरुण जतोह राठौड़ ने कहा कि स्काउट्स एंड गाइड्स रेलवे के लिए एक परिसंपत्ति संगठन है. उनकी सेवाएं उत्कृष्ट व उल्लेखनीय हैं. रेलवे प्रशासन द्वारा उनकी सेवाओं की सराहना की जाती है.

स्काउट्स और गाइड्स हमेशा कहीं भी किसी भी समय सेवा के लिए निःस्वार्थ भाव से आगे आते हैं. यही इस महान संगठन की खूबसूरती है. इस दौरान चक्रधरपुर रेल मंडल के आदित्यपुर, सीनी, टाटानगर, बंडामुंडा, डांगुवापोसी, झारसुगुड़ा से पहुंचे स्काउट्स व गाइड्स के प्रतिनिधियों ने स्काउट्स और गाइड्स के स्थानीय संघों द्वारा विभिन्न गतिविधियों पर प्रोजेक्टर पर एक रंगीन स्लाइड शो प्रस्तुत किया गया, जिसे डीआरएम व अन्य ने देखा. मौके पर स्काउट एवं गाइड के सभी पदाधिकारी एवं स्थानीय संघों के प्रतिनिधि मौजूद थे.

**सहायता**

### चक्रधरपुर प्रखंड कार्यालय सभागार में आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं के साथ हुई बैठक

# मुख्यमंत्री बहन बेटी मई-कुई स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना की दी जानकारी

संवाददाता । चक्रधरपुर

मुख्यमंत्री बहन बेटी मई-कुई स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना को लेकर गुरुवार को चक्रधरपुर के प्रखंड कार्यालय सभागार में आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं की बैठक हुई. बैठक में चक्रधरपुर बाल विकास परियोजना केंद्र के प्रधान लिपिक मार्टिन मुर्मू ने सेविकाओं व सहायिकाओं को इस योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी. साथ ही योजना को सफल बनाने के लिए आवेदन भरवाने को कहा.

उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार की महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की ओर से मुख्यमंत्री बहन बेटी मई कुई स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना की शुरुआत की गई है. इसके तहत लाभुकों को प्रतिमाह एक हजार की दर से आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी. इसके लिए आवेदन करने वाली महिला झारखंड की निवासी होनी चाहिए.


चक्रधरपुर प्रखंड कार्यालय सभागार में बैठक के दौरान मौजूद आंगनबाड़ी सेविका सहायिका.

- आवेदन के समय महिला की उम्र 21 वर्ष पूरी होनी चाहिये
- बैंक खाता आधार कार्ड से लिंक होना अनिवार्य

साथ ही आवेदन के समय महिला की आयु 21 वर्ष पूरी होनी चाहिए तथा 50 वर्ष से कम होनी चाहिए. आवेदिका का आधार बैंक खाता से लिंक होना चाहिए. जिनका बैंक खाता आधार कार्ड से लिंक नहीं है वे इस योजना का लाभ दिसंबर 2024 तक उठा सकती हैं, लेकिन इस अवधि के पश्चात आर्थिक लाभ प्राप्त करने के लिए बैंक खाता का आधार लिंक कराना अनिवार्य होगा. वहीं आवेदिका का पहचान पत्र, आधार कार्ड, आवेदिका का परिवार झारखंड राज्य अंत्योदय अन्न योजना के तहत पीला, गुलाबी, सफेद, हरा रंग का पृथक राशन कार्ड होना जरूरी है. वहीं आवेदिका स्वयं या उनके पति राज्य अथवा केंद्र सरकार, विधिक निकाय, सेवानिवृत्ति के उपरांत पेंशन का लाभ नहीं उठाता हो. जिनके परिवार का कोई सदस्य वर्तमान अथवा भूतपूर्व सांसद, विधायक हो उन्हें भी इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा. प्रधान लिपिक मार्टिन मुर्मू ने आंगनबाड़ी सेविका सहायिकाओं को उनके क्षेत्र की ऐसी महिलाओं का चयन कर आवेदन फार्म भरवाने की बात कही. इस मौके पर शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की सेविका, सहायिका मौजूद थी.

## काम से हटाए गए विस्थापित कर्मियों को मिले न्याय : भाजपा

संवाददाता । चांडिल

सरकार चांडिल डैम के विस्थापितों को न्याय दे. पुरखों की जमीन-जायदाद विकास के नाम पर कुर्बान करने वालों को अब तक न्याय नहीं मिला है. जीवन-यापन के लिए कुछ विस्थापित कार्यालय में दैनिक वेतनभोगी कर्मी के रूप में काम कर रहे हैं. इसी बीच डैम डिवीजन में पिछले दस साल से अधिक समय से दैनिक वेतनभोगी कर्मी के रूप में काम करने वाले 11 कर्मियों को काम से अचानक हटा दिया गया. काम से हटाए गए कर्मियों में विस्थापित परिवार की महिलाएं भी है. काम से हटाए जाने के बाद दैनिक वेतनभोगी कर्मी कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बैठ गए है. चांडिल डैम के प्रमंडल सह अंचल कार्यालय के समक्ष 25 जून से आमरण अनशन पर बैठे कर्मियों की सुध लेने अबतक कोई भी पदाधिकारी नहीं पहुंचा है.

आमण अनशन स्थल पर गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के कई नेता व कार्यकर्ता अनशन स्थल पर पहुंचे और कर्मियों के आंदोलन को नैतिक समर्थन दिया. मौके पर जिला महामंत्री मधुसुदन गोराई ने कहा कि झारखंड सरकार काम से हटाए गए विस्थापितों को उचित न्याय दे. दस वर्ष से अधिक समय से काम करने वालों को इस प्रकार अचानक काम से हटाया जाना न्यायोचित नहीं है. परियोजना काम से हटाए गए विस्थापित महिला कर्मियों को तत्काल काम पर बहाल करें.

